JALAUN POLICE

दिनांक – 13.05.2026

पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले होमगार्ड कम्पनी कमाण्डर को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

अवगत कराना है कि दिनांक 08.04.2026 को दोपहर करीब 12:30 बजे श्री प्रदीप सिंह पुत्र बलराम सिंह, निवासी ग्राम-डिकौली, थाना-माधौगढ़, जनपद-जालौन, माधौगढ़ गल्ला मंडी स्थित एसबीआई बैंक के पास अपनी गेहूं की फसल बिक्री के 1,68,000/- रुपये लेकर जा रहे थे। इसी दौरान बैंक के पास उनका रुपयों से भरा बैग गिर गया था।

श्री शिवराज सिंह, एच0जी0 नंबर-901 पद- होमगार्ड कम्पनी कमाण्डर सीसी, नियक्ति- माधौगढ कम्पनी, जनपद-जालौन द्वारा बैंक ड्यूटी के दौरान सजगता, सतर्कता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए न केवल उक्त धनराशि को सुरक्षित बरामद किया, बल्कि पूरी ईमानदारी के साथ उसे पीड़ित व्यक्ति श्री प्रदीप सिंह को सुपुर्द कर विभाग की छवि को जनमानस में उज्ज्वल किया है। इनका यह उत्कृष्ट कार्य अन्य पुलिस कर्मियों एवं होमगार्ड स्वयं सेवकों के लिए प्रेरणास्पद है।